//

संख्याः– 46 /XXVII(1)/2009

प्रेषक,

एल0एम0 पन्त,
सचिव, वित्त,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत,
बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री,
उत्तराखण्ड।

वित्त अनुभाग–1

देहरादूनः दिनांकः 20 : जनवरी, 2009

विषयः– द्वितीय राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों पर लिए गये निर्णय के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2008–09 में गैर निर्वाचित निकायों के लिए अनुदान धनराशि का आवंटन। (चतुर्थ किश्त)

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि द्वितीय राज्य वित्त आयोग, उत्तराखण्ड की संस्तुतियों के आधार पर राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णयानुसार प्रदेश की निम्न 03 गैर निर्वाचित नगर पंचायतों को चतुर्थ किश्त हेतु उनके सामने अंकित धनराशि के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2008–09 के लिये रू0 1189556.00 **(रू0 ग्यारह लाख नवासी हजार पांच सौ छप्पन मात्र)** की धनराशि आवंटित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

क्र0 सं0	नगर पंचायत का नाम	चतुर्थ किस्त हेतु देय धनराशि	12वॉं वित्त आयोग की संस्तुति पर वर्ष 2005–06 में अवमुक्त धनराशि	समायोजन के बाद अवमुक्त धनराशि (3-4)
1	2	3	4	5
1–	बद्रीनाथ	625000	26367	598633
2–	केदारनाथ	375000	15066	359934
3–	गंगोत्री	250000	19011	230989
	योगः–	**1250000**	**60444**	**1189556**

2– उपर्युक्त धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन संक्रमित की जा रही है:–

(1) 12वॉं वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2005–06 में विभिन्न शासनादेशों द्वारा अवमुक्त धनराशि रू0 60444.00 (रू0 साठ हजार चार सौ

D:\SFC GO 2007-08\nagar panchayat 2.doc

20/1/2009

चवालीस मात्र) के उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रशासनिक विभाग से निर्धारित प्रारूप पर प्राप्त न होने के कारण वित्तीय वर्ष 2005–06 में 12वीं वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत अवमुक्त धनराशि को वित्तीय वर्ष 2008–09 हेतु राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत समनुदेशन की चतुर्थ किस्त से समायोजित कर लिया गया है। निकायवार समायोजित धनराशि का विवरण पृष्ठ–1 पर दी गई तालिका के के प्रस्तर–4 में दिया गया है।

(2) संकमित की जा रही धनराशि को कोषागाार से आहरित करने के लिये बिल सम्बंधित जिलाधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित किया जायेगा। संकमित की जा रही धनराशि का उपयोग शासनादेश संख्या–1674/XXVII(1)/2006, दिनांक 22 नवम्बर,2006 द्वारा निर्गत मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अन्तर्गत किया जायेगा। इस धनराशि से किसी प्रकार का व्यावर्तन/समायोजन अनुमन्य नहीं होगा।

(3) नगर विकास विभाग संकमित धनराशि के नियमानुसार उपयोग की समीक्षा करेंगे तथा इसके समुचित उपयोग के लिये उत्तरदायी होंगे। कोषागार से आहरित धनराशि का बाउचर संख्या तथा दिनांक की सूचना महालेखाकार एवं शासन के वित्त विभाग को भेजेंगे।

(4) निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय निकायों को आवंटित धनराशि के समय से उपयोग हेतु उत्तरदायी होंगे।

(5) शासनादेश में वित्त विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्ठ शर्तों का अनुपालन विभागीय अधिकारी/वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित शर्तों में किसी प्रकार का विचलन हो तो वित्त नियंत्रक इत्यादि का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित तुरन्त वित्त विभाग को दी जायेगी।

3– इस सम्बंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2008–09 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–07 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक–3604–स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन–आयोजनेत्तर–01–नगरीय स्थानीय निकाय–193–नगरपंचायतें/नोटीफाइड एरिया/कमेटी आदि–00–04–राज्य वित्त आयोग द्वारा संस्तुत अन्य अनुदान–20–सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता के नामें डाला जायेगा।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय,

(एल0एम0 पन्त)
सचिव, वित्त

संख्याः– 46 :(1)/XXVII(1)/2008 एवं तद्दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।

2– सचिव, नगर विकास, उत्तराखण्ड शासन।

3– मण्डलायुक्त, गढ़वाल/कुमॉऊ, उत्तराखण्ड।
4– निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5– जिलाधिकारी, उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग।
6– निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें, देहरादून।
7– वरिष्ठ जिला कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तरकाशी, चमोली,रूद्रप्रयाग।
8– विभागीय अधिकारी/वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी जैसी भी स्थिति हो।
9– निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड।
10–एन0आई0सी0, सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

आज्ञा से,

20/1/2009

(एल0एम0 पन्त)
सचिव, वित्त